Antarrashtriya Gyankosh.pdf/६०

Exported from Wikisource on 19 नवंबर 2024

ई

ईडन, महामाननीय (राइट आनरेब्ल्) रावर्ट एन्थनी, एम० पी०— आप सर विलियम ईडन के द्वितीय पुत्र हैं। जन्म सन् १८९७ में हुआ। ईटन तथा क्रिश्चियन चर्च, आक्सफर्ड, में शिक्षा प्राप्त की। सितम्बर १९१५ में द्वितीय लेफ्टिनेंट होकर फ्रान्स की सीमा पर गये। युद्ध की समाप्ति तक उसमें भाग लिया। सैनिक-क्रास पुरस्कार में प्राप्त किया तथा २० वर्ष की आयु में कप्तान बना दिये गये। सन् १९२३ में पार्लमेंट की कॉमन-सभा के सदस्य चुने गये। तब से आप बराबर सदस्य चुने जाते रहे हैं। आपने वैदेशिक राजनीति का गंभीर अध्ययन किया। स्वर्गीय सर आस्टिन चेम्बरलेन के पर्लमेंटरी प्राईवेट सेक्रेटरी होगये, और लार्ड रैडिंग तथा सर जॉन साइमन के अधीन वैदेशिक उप-मंत्री भी रहे। आपको जिनेवा में राष्ट्रसंघ के अधिवेशनों में शामिल होने का कई बार अवसर मिला और थोड़े ही समय में आप राष्ट्रसंघ के सम्मेलनों में एक प्रभावशाली नेता बन गये। सन् १९३४ में आप लार्ड प्रीवी सील बनाये गये और प्रीवी कौंसिलर भी बना दिये गये। ब्रिटेन में राष्ट्रसंघ-मिनिस्टरी एक नया पद कायम किया गया और श्री ईडन उसके मंत्री बनाये गये। इटली-अबीसीनिया-युद्ध के समय आपने इस बात का जोरदार आग्रह किया कि राष्ट्रसंघ इटली के विरुद्ध कार्रवाई करे और आपने होर-लावल योजना का विरोध किया। सर सैम्युअल होर के बाद आप वैदेशिक-मंत्री बनाये गये। उस समय आपकी आयु ३८ वर्ष की थी। आप ही सबसे प्रथम ब्रिटिश मंत्री थे जो मास्को में स्टेलिन से भेंट करने गये। स्पेन के गृह-युद्ध में उन्होंने अ-हस्तक्षेप की नीति का समर्थन किया। इसके बाद इटली के मुसोलिनी तथा जर्मनी के हिटलर ने उन पर दोषारोप किये। ईडन

ने नेविल चेम्बरलेन को इस योजना का विरोध किया कि इटली के साथ किसी

About this digital edition

This e-book comes from the online library Wikisource[1]. This multilingual digital library, built by volunteers, is committed to developing a free accessible collection of publications of every kind: novels, poems, magazines, letters...

We distribute our books for free, starting from works not copyrighted or published under a free license. You are free to use our e-books for any purpose (including commercial exploitation), under the terms of the Creative Commons Attribution-ShareAlike 3.0 Unported[2] license or, at your choice, those of the GNU FDL[3].

Wikisource is constantly looking for new members. During the realization of this book, it's possible that we made some errors. You can report them at this page[4].

The following users contributed to this book:

- रोहित साव27
- अजीत कुमार तिवारी
- Arpita Srinidhi
- JhsBot
- Sahilrathod

- Mahima mayuri kaushik
- Phe
- AkBot
- कन्हाई प्रसाद चौरसिया
- Jon Harald Søby

---

1. ↑ https://wikisource.org
2. ↑ https://www.creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0
3. ↑ https://www.gnu.org/copyleft/fdl.html
4. ↑ https://wikisource.org/wiki/Wikisource:Scriptorium